दिन– रविवार दिनांक– 08 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

1. लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान आज भोजपुर जिले के आरा से पार्टी के चुनाव अभियान की शुरूआत करेंगे।
2. विधान सभा चुनाव से पहले राज्य महिला आयोग सहित चार आयोग और मदरसा बोर्ड का पुनर्गठन। अप्सरा मिश्रा आयोग की अध्यक्ष बनीं।
3. किशनगंज पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड के जरिए घुसपैठ कराने वाले गिरोह का भांडा फोड़ किया।
4. और, बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर को यूजीसी नैक का ए ग्रेड दर्जा मिला।

———————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी राम विलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान आज आरा के रमना मैदान से बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार की शुरूआत कर रहे हैं। पटना में श्री पासवान ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुये कहा कि उनके विधानसभा चुनाव लड़ने का अंतिम फैसला संसदीय बोर्ड करेगी। ऐसा माना जा रहा है कि बिहार की राजनीति में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने के लिए वे शहाबाद के किसी भी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ सकते हैं। श्री पासवान चुनाव प्रचार के दौरान नव–संकल्प सभा को भी संबोधित करेंगे।

———————————————————————

राज्य सरकार ने चार आयोग और एक बोर्ड का पुर्नगठन किया है। जिन चार आयोगों का पुर्नगठन किया गया है उनमें बिहार राज्य महिला आयोग, अति पिछड़ा वर्ग, खाद्य, बाल श्रमिक और मदरसा बोर्ड शामिल हैं। समाज कल्याण विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि महिला आयोग की अध्यक्ष अप्सरा मिश्रा को बनाया गया है। इसके साथ ही अति पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष नवीन आर्य बनाये गये हैं जबकि खाद्य आयोग की जिम्मेदारी प्रह्लाद सरकार, बाल श्रमिक आयोग के अध्यक्ष अशोक बादल और मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष जदयू नेता सलीम परवेज बनाये गये हैं।

———————————————————————

भारतीय जनता पार्टी के सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि पाकिस्तान से आंतकवादी युवक निकल रहे हैं। श्री प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की कल जर्मनी यात्रा संपन्न हो गई। इस दौरान आतंकवाद के खिलाफ कतई बरदाश्त न करने की नीति के भारत के सैद्धांतिक रुख और सीमा पार आतंकवाद

से निपटने की अपनी रणनीति से अवगत कराया गया। प्रतिनिधिमंडल ने जर्मनी के सांसदो और वार्ताकारों को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में भी जानकारी दी।

———बाईट———

भारतीय शिष्टमंडल की जर्मनी की यात्रा कल सम्पन्न हो गई।

———————————————————————————

केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों से सीधा संवाद, किया है। उन्होंने कल मुजफ्फरपुर के सरैया मे आयोजित कार्यक्रम में आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया।

———————————————————————————

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना किसानों को अधिक समृद्ध बनाने और कृषि सुधारों पर निर्भर करेगा। वे मध्य प्रदेश के सीहोर में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

———बाईट———

मेरे विभाग में 16 हजार वैज्ञानिक हैं कृषि विभाग में। मैंने वैज्ञानिकों से कहा कि रिसर्च जो की है वो जाके किसानों को गांव में बताना पड़ेगा, ताकि किसान उसके अनुरूप खेती कर सके और उत्पादन बढ़ा सके। विकसित भारत के लिए विकसित खेती और समृद्ध किसान ये हमारा संकल्प है कि इसको वैज्ञानिकों के साथ कृषि विभाग भारत सरकार, केवीके कृषि विज्ञान केंद्र मिलकर पूरा करेंगे, ताकि इसी साल खरीफ की फसल में उत्पादन हम बढ़ा सकें।

———————————————————————————

सबौर स्थित बिहार कृषि विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद, नैक द्वारा ए–ग्रेड प्राप्त हुआ है। उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने यह जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है।

———बाईट———

———————————————————————————

शिक्षा विभाग विद्यालयों में बच्चों को नहीं पढ़ाने पर कड़ी कार्रवाई करेगा। विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस सिद्धार्थ ने कहा कि स्कूलों में नहीं पढ़ाने वाले शिक्षकों का तबादला वर्तमान पदस्थापना वाले जिलों से दूर के जिलों में किया जायेगा। मुख्य सचिव ने कहा कि स्कूल में बच्चों को नहीं पढ़ाने की शिकायत मिली है। जिसकी जांच करायी जा रही है। उन्होंने कहा कि मामले में दोष सिद्ध होने पर आरोपित शिक्षकों पर कार्रवाई की जायेगी।

———बाईट———

डॉक्टर सिद्धार्थ ने कहा कि तबादला पूरी तरह पारदर्शी है। तबादला सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति किसी से इस मामले के लिए पैसे की मांग करता है तो वह साइबर अपराधी है।

———बाईट———

———————————————————————————

बिहार में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन—आरोग्य योजना के माध्यम से स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव नजर आ रहे हैं और लाखों लोगों खासकर गांव में रहने वाले लोगों का जीवन बदल रहा है। इस दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए राज्य सरकार ने एक वर्ष के अंदर लाभार्थियों के हज़ारों करोड़ रुपये बचाने में मदद की है, जो कि इस योजना की सफलता का प्रमाण है। बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शशांक शेखर सिन्हा ने आकाशवाणी के साथ बातचीत में कहा है कि वर्ष दो हजार चौबीस में बिहार के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने के क्षेत्र में उपलब्धियों का वर्ष रहा। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए प्रदेश में स्पेशल ड्राइव भी चलाई जा रही है।

———बाईट———

———————————————————————————

पटना के ज्ञान भवन में तीन दिवसीय भारत योग यात्रा का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत कल स्वामी निरजना नंद सरस्वती ने लोगों को योग कराया। इस शिविर में भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

———————————————————————————

देश में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित एक दशक में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। आकाशवाणी समाचार पिछले ग्यारह वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष प्रसारण लेकर आया है। इस श्रृंखला में आज प्रस्तुत है पर्यावरण सरंक्षण और विकास पर केन्द्रित यह विशेष प्रसारण....

———बाईट———

———————————————————————————

किशनगंज जिले के जियारपोखर थाना क्षेत्र के ठाकुरगंज के मलिनगांव पंचायत के गिलहबाड़ी गांव में पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस अधीक्षक सागर कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामले में एक संदिग्ध एजेंट अशरफुल को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि यह गिरोह बांग्लादेशी घुसपैठियों को भारतीय पहचान पत्र उपलब्ध करा रहा था।

———बाईट———

इधर, आधार कार्ड से संबंधित गड़बड़ियां अब जिलों के सेवा केन्द्रों पर ही सुधारी जायेगी। यूआईडीएआई के निदेशक राजीव उपाध्याय ने बताया कि इससे प्रदेश के दूर दराज लोगों को पटना आधार सेवा केन्द्रों पर आने से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए एक हेल्प डेस्क काउंटर बनाया जा रहा है, जिसपर प्रशिक्षित कर्मी जानकारी देंगे।

———————————————————————

राजधानी पटना सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों का मौसम शुष्क बना हुआ है। कुछ स्थानों पर आंशिक रूप से बादल छाये रहेंगे, जिससे उमस की स्थिति बन सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। विभाग ने आज राज्य के उत्तरी और पूर्वी जिलों में बारिश और वज्रपात की सम्भावना जतायी है। विभाग ने इन क्षेत्रों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

———————————————————————

सुल्तानगंज–अगुवानी घाट गंगा नदी पुल के क्षतिग्रस्त अंश का पुनर्निर्माण कार्य शुरू हो गया है। संरचनात्मक परिवर्तन के साथ अठारह माह में कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य। इस पुल का निर्माणाधीन ढांचा पूर्व में दो बार गिर चुका है। उच्च न्यायालय, पटना के आदेश के आलोक में बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की बड़ी खबर है – प्रशिक्षित ग्रामीण चिकित्सकों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि। स्वास्थ्य विभाग की समिति ने लिया निर्णय।

दैनिक जागरण लिखता है – पिछले ग्यारह वर्षों में अत्यधिक गरीबी से बाहर निकले सत्ताइस करोड़ भारतीय। दूरदर्शी नरेन्द्र मोदी सरकार के लिए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

1. लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान आज भोजपुर जिले के आरा से पार्टी के चुनाव अभियान की शुरूआत करेंगे।

2. विधान सभा चुनाव से पहले राज्य महिला आयोग सहित चार आयोग और मदरसा बोर्ड का पुनर्गठन। अप्सरा मिश्रा आयोग की अध्यक्ष बनीं।

3. किशनगंज पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड के जरिए घुसपैठ कराने वाले गिरोह का भांडा फोड़ किया।

4. और, बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर को यूजीसी नैक का ए ग्रेड दर्जा मिला।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।